## बच्चों को 'संक्रमित' खून चढ़ाने के मामले में नाको की जांच

# जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बड़ी लापरवाही

सतना।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बच्चों को कथित तौर पर एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने के गंभीर मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसकी जांच के लिए नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन की तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार देर रात सतना पहुंची और शनिवार सुबह से ही ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली की बारीकी से पड़ताल की।

### बिना जांच के रक्तदान

डोनर से खून लेने से पहले अनिवार्य एचआईवी टेस्ट किए जाने का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं मिला। बच्चों को खून चढ़ाते समय और डोनर से खून लेते समय सभी सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई।

### जांच में खुली पोल,नियमों की जमकर अनदेखी

नाको की टीम ने पाया कि ब्लड बैंक का संचालन मानकों के विरुद्ध किया जा रहा था। जांच के दौरान




कई चौंकाने वाली खामियां मिलीं है। बैच नंबर गायब मिले हैं। स्टोर किए गए ब्लड बैग्स पर न तो कोई बैच नंबर था और न ही कोई आवश्यक जानकारी दर्ज थी।

### निजी कंपनी के कर्मचारियों को फटकार

जांच के दौरान डॉ.रूबी खान ने 'सूर्या कंपनी' (जो ब्लड बैंक का संचालन देख रही है) के कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। यह पाया गया कि निजी कंपनी के कर्मचारी टेस्टिंग के दौरान अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे थे,जबकि उनका काम केवल मशीनरी को तैयार रखना था। डॉ.रूबी ने कहा कि न तो अस्पताल में मानक के अनुरूप ट्रांसफ्यूजन किट उपलब्ध



हैं और न ही उपकरण।

### प्रशासन सख्तः 5 दिन में मांगी ऑडिट रिपोर्ट

स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त तरुण राठी ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने अस्पतालों के ब्लड बैंकों का ऑडिट कराएं और 5 दिनों के भीतर ड्रग कंट्रोलर को रिपोर्ट भेजें। सतना मामले में तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है और दो लैब टेक्नीशियनों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

## प्रशासन का बड़ा एक्शन: 2 करोड़ की सरकारी जमीन से हटा वर्षों पुराना अतिक्रमण



सतना।

शहर के बगहा क्षेत्र में जिला प्रशासन ने भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। तहसीलदार सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने वर्षों से कब्जा की गई सरकारी जमीन को मुक्त कराया।

### हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

यह पूरी कार्रवाई माननीय हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई।जानकारी के अनुसार,बगहा की आराजी क्रमांक 677/2 निजी दर्ज थी,लेकिन उसके ठीक बगल में स्थित आराजी क्रमांक 674 शासकीय भूमि थी। इस सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारी ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था।

### कानूनी लड़ाई का घटनाक्रम

2022 में तत्कालीन तहसीलदार ने सबसे पहले बेदखली के आदेश जारी किए थे। अतिक्रमणकारी ने तहसीलदार के आदेश को एसडीएम कोर्ट में चुनौती दी,लेकिन एसडीएम ने भी अतिक्रमण हटाने के फैसले को बरकरार रखा। मामला रीवा संभाग के कमिश्नर कोर्ट पहुंचा। कमिश्नर ने राजस्व अधिकारियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर निचली अदालतों के फैसले को सही माना। अंत में कब्जाधारी ने हाईकोर्ट जबलपुर का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने और रिकॉर्ड देखने के बाद याचिका खारिज कर दी और तत्काल बेदखली का आदेश दिया।प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।मुक्त कराई गई इस शासकीय भूमि का बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपये आंका जा रहा है।

## जिला अस्पताल में 'खून' का काला कारोबार: ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी में धराए पेशेवर डोनर, रिपोर्ट दर्ज

**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में इंसानियत को शर्मसार करने वाला और मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। अस्पताल में एचआईवी संक्रमित बच्चों के लिए चल रहे ब्लड डोनेशन कैंप के बीच 'प्रोफेशनल ब्लड डोनर्स' और दलालों का गिरोह सक्रिय पाया गया। औषधि निरीक्षक प्रियंका कुमारी चौबे की तत्परता से पुलिस ने दो आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया है।

### दलालों के जरिए चल रहा था 'मौत का सौदा'

जानकारी के अनुसार,जिला अस्पताल में 16 दिसंबर से एचआईवी पॉजिटिव बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन की जांच प्रक्रिया चल रही थी। जांच समिति की सदस्य और ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका कुमारी चौबे जब 19 दिसंबर को निरीक्षण कर रही थीं,तभी उन्हें ब्लड बैंक के पास कुछ संदिग्ध युवक घूमते दिखे। ये युवक पेशेवर तरीके से खून बेचने के लिए दलालों की तलाश कर रहे थे।

### ड्रग इंस्पेक्टर ने बिछाया जाल,रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी

शनिवार, 20 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे ड्रग इंस्पेक्टर को पुख्ता सूचना मिली कि कुछ युवक अवैध रूप से और असुरक्षित तरीके से अपना खून डोनेट करने की फिराक में हैं। उन्होंने तत्काल स्टाफ की मदद से घेराबंदी की और दो युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिवम उर्फ विजय वर्मा 26वर्ष निवासी कोठी और अंकित नामदेव 24 वर्ष निवासी रैगांव के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे पेशेवर रूप से पैसे लेकर खून देते हैं।

### मानवीय जीवन के साथ बड़ा खिलवाड़

इस मामले में सबसे गंभीर पहलू यह है कि ये पेशेवर डोनर बिना किसी पुख्ता मेडिकल हिस्ट्री के और असुरक्षित तरीके से खून डोनेट कर रहे थे। खास तौर पर एचआईवी प्रभावित बच्चों के कैंप में इस तरह की घुसपैठ एक बड़ी साजिश या लापरवाही की ओर इशारा करती है,जिससे संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो सकता था।

### बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज

सिटी कोतवाली पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर की लिखित शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की निम्नलिखित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया हैः धारा 125(1): दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना। धारा 271ः जीवन के लिए खतरनाक बीमारी का संक्रमण फैलाने का लापरवाही पूर्ण कार्य। धारा 3(5): सामान्य इरादे से किया गया अपराध। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उन दलालों की तलाश कर रही है, जो जिला अस्पताल की नाक के नीचे 'खून की दलाली' का यह काला खेल खेल रहे थे। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र वर्मा को सौंपी गई है।

### गहनता से की जाएगी जांच : टीआई

सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी रविंद्र द्विवेदी ने बताया कि दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे मामले की गहनता के साथ जांच की जा रही है।

## प्रिज़्म को वाटर कंजरवेशन कैटेगरी में मिला सीएसआर अवॉर्ड




सतना।

प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत किये गये वाटर कंजरवेशन के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए इनोवेटिव डेवलपमेंट सेक्टर प्रोजेक्ट द्वारा वाटर कंजरवेशन (एनवायरमेंट प्रोटेक्शन) सबेरा 2025 से सम्मनित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नीति आयोग की सदस्य (स्वास्थ एवं सार्वजनिक नीति सलाहकार) उर्वसी प्रसाद,सीईओ वन इंडिया एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डेली हंट रवनान एन,एवं सुपर्णा चड्ढा क्यूरेटर सबेरा कि उपस्थिति में देवेन्द्र मिश्रा डीजीएम सीएसआर एंड पीआर एवं संजय सिंह परिहार एक्जक्यूटिव सीएसआर ने हैबीटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्राप्त किया। इस भव्य पुरस्कार समारोह का आयोजन सिम्पली सुर्पणा मीडिया नेटवर्क द्वारा सबेरा अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कंपनी द्वारा वाटर कंजरवेशन (एनवायरमेंट प्रोटेक्शन) के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के साथ अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किये गए महत्तवपूर्ण योगदान एवं समाज सेवा की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रदान किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह,हेड कॉरपोरेट एचआर एवम हेड एचआरम & कार्पोरेट अफेयर्स सीमेंट डिविजन डॉ.मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड समाज के विकास के लिए लंबे समय से समर्पित है। कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों शिक्षा के अवसर बढ़ाने,स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने,पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने तथा विभिन्न सामाजिक योजनाओं को गति देने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## बच्चों की मासूम अपील पर जागे विधायक: मैहर में जर्जर बाईपास को लेकर अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार





मैहर।

आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया जन-समस्याओं को उठाने का सबसे सशक्त माध्यम बन गया है। इसका ताज़ा उदाहरण मैहर में देखने को मिला,जहाँ छोटे बच्चों द्वारा बनाए गए एक वीडियो ने प्रशासन को हरकत में ला दिया। नेशनल हाईवे बाईपास की जर्जर सड़क और उससे उड़ने वाली धूल से परेशान बच्चों ने वीडियो बनाकर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से गुहार लगाई थी।

### बच्चों ने बयां किया दर्द

वीडियो में बच्चों ने बड़ी बेबाकी से दिखाया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि धूल के कारण घरों में सांस लेना मुश्किल हो गया है और आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### विधायक का त्वरित एक्शन

वीडियो संज्ञान में आते ही विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने तुरंत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सड़क की हालत दयनीय है और यह बड़े हादसों को न्योता दे रही है। विधायक ने अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## मुख्यमंत्री के सफल दो वर्ष: मैहर में मनाया गया जश्न

मैहर।




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कार्यकाल के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर मैहर के 'सरना पैलेस' में विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्रित हुए। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम छुए हैं।सम्मेलन में मैहर विधानसभा के पिछले दो वर्षों के विकास कार्यों और प्रगति रिपोर्ट को भी साझा किया गया।वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सुशासन और विकास की यह यात्रा भविष्य में और अधिक सशक्त होगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित कई प्रमुख मंडल अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रीवा में 'विश्व गौरव सम्मान 2025' का भव्य आयोजन: मैहर की 'माई की रसोई' को उप-मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

रीवा/मैहर।

रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 'विस्तार न्यूज' द्वारा आयोजित विश्व गौरव सम्मान 2025 में मैहर की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था 'माई की रसोई' को सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने संस्था के उत्कृष्ट मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की संरक्षिका श्रीमती कल्पना नितिन पांडेय को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।अतिथियों ने कहा कि 'माई की रसोई' द्वारा जरूरतमंदों को निरंतर भोजन उपलब्ध कराना समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है। इस उपलब्धि पर मैहर क्षेत्र में खुशी की लहर है और संस्था ने अपनी सेवाओं को और अधिक विस्तार देने का संकल्प लिया है।



## खबर संक्षेप

### कुसेड़ी समिति में धान खरीदी में धांधली के आरोप

**मैहर।** जिले के सेवा सहकारी समिति कुसेड़ी में धान उपार्जन के दौरान भारी अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों के दौरों के बावजूद समिति प्रबंधक रम्मू पटेल और प्रभारी स्वामीदीन पटेल पर किसानों के शोषण के आरोप लग रहे हैं। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित 40 किलो 600 ग्राम के स्थान पर उनसे प्रति बोरी 41 किलो 200 ग्राम तक धान लिया जा रहा है। इसके अलावा,'कटोरा' चलाकर अतिरिक्त अनाज की कटौती और जल्दी तौल के नाम पर 500 से 1000 रुपये की अवैध वसूली की शिकायतें भी मिली हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि अमानक धान (बदरा/मिट्टी युक्त) को भी पैसे लेकर पास कर दिया जाता है। केंद्र पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस लूट की मंडी की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### खेल सिखाता है अनुशासन और नेतृत्वः विधायक

**मैहर।** ग्राम अमदरा में शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल की स्मृति में आयोजित सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में तिघरा की टीम ने जीत हासिल की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन,संघर्ष और नेतृत्व की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने जोर दिया कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है,बस उन्हें सही मंच और अवसर की आवश्यकता है। विधायक ने उप विजेता टीम कैलवारा के जज्बे की भी सराहना की।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सौहार्द के संदेश के साथ हुआ। आयोजकों ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

### चार साहिबजादे शहीदी सप्ताह' के उपलक्ष्य में सुखमनी साहिब पाठ कल से

**सतना।** मध्य प्रदेश सिखों के दसवें गुरु,साहिबे कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की अद्वितीय और महान शहादत को समर्पित 'चार साहिबजादे शहीदी सप्ताह' के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सुखमनी साहिब के पाठ का आयोजन निश्चित हुआ है। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार (सिटी कोतवाली के पीछे) 21 दिसंबर से 28 तक दोपहर 3 बजे से शाम 4:30 बजे तक। कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं समस्त सेवादारों ने क्षेत्र की संगत से विनम्र अपील की है कि इस शहीदी सप्ताह के दौरान आयोजित पाठ में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। यह अवसर साहिबजादों की अमर शहादत को नमन करने,उनके गौरवशाली इतिहास से जुड़ने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने का है।

### जहरीले सांप का सुरक्षित रेस्क्यू



**मैहर।** शनिवार दोपहर शहर के वार्ड क्रमांक 8, पुरानी बस्ती ईदगाह क्षेत्र में एक घर में जहरीला घामन सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सांप को देखते ही घर के सदस्यों में दहशत फैल गई,जिसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के सांप मित्र गफ्फार खान अपनी टीम के साथ मात्र 15 मिनट में मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कुशलतापूर्वक सांप को काबू में किया और उसका सफल रेस्क्यू किया। सांप को सुरक्षित पकड़ने के बाद टीम ने उसे शहर से दूर घने जंगल में छोड़ दिया,जिससे मोहल्ले वासियों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## खबर संक्षेप

### जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों तथा आगामी विकास योजनाओं पर दी जानकारी

**अमानगंज।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शनिवार को दोपहर 1 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर क्षेत्रीय पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों तथा आगामी विकास योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रेस वार्ता में डॉ. वर्मा ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं, जनता की अपेक्षाओं और उनके समाधान की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा उठाए गए विभिन्न जन समस्याओं पर विधायक ने गंभीरता से चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन के सहयोग से शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच समन्वय आवश्यक है, जिसे लगातार मजबूत किया जा रहा है।

### अमानगंज विधायक कार्यालय में "2 साल बेमिसाल" कार्यक्रम आयोजित

**अमानगंज।** एसआईआर प्रभारी विनोद यादव ने किया भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित"2 साल बेमिसाल" कार्यक्रम के तहत अमानगंज स्थित विधायक कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पन्ना जिले के एसआईआर प्रभारी विनोद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।इस अवसर पर विनोद यादव ने मुख्यमंत्री के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए आगामी समय में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया। भाई गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा की एस आई आर से शुद्ध वोटर लिस्ट तैयार हुई है जिसने मतदाता का हक दिलाने का काम किया है अब असली मतदाता बोट का उपयोग कर सरकार बनाएंगे वहीं गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार भी जताया कहा कि मात्र एक बार के आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुनौर विधानसभा के अमानगंज आकर योजनाओं की सौगातें दी है प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री श्रीकांत त्रिपाठी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के निर्देशों के तहत पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट एवं अनुज्ञापन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आयुध अधिनियम-1959 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

## जल शक्ति मंत्रालय के सचिव ने बरियारपुर डैम एवं नहर प्रणाली का किया निरीक्षण

**बांध के निर्माण वर्ष की जानकारी प्राप्त कर मजबूत और संस्थागत कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए**





**पन्ना। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सचिव वी.एल. कांताराव ने शनिवार को बरियारपुर डैम स्थल पहुंचकर केन नहर प्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान बांध की सुरक्षा और मरम्मत की कार्ययोजना तथा संरचनात्मक तकनीक के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बांध की जल भराव क्षमता और कृषि सिंचाई के लिए नहरों के माध्यम से पानी उपलब्धता के बारे में पूछा।**

सचिव श्री कांताराव ने बांध सुरक्षा विधेयक संबंधी जानकारी से अवगत कराया तथा मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट राशि की उपयोगिता तथा बांध पुनर्वास सुधार कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बांध के निर्माण वर्ष की जानकारी प्राप्त कर मजबूत और संस्थागत कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। डैम से सटे ग्रामों और स्थानीय रहवासियों के रोजगार के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जल शक्ति मंत्रालय के सचिव द्वारा केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण के तहत क्रियान्वित कार्यों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही परियोजना की नहरों के जीर्णोद्धार व पुनरूद्धार के लिए राशि की समुचित उपयोगिता सुनिश्चित कर निरंतर रूप से नहरों की साफ-सफाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग पन्ना संभाग अंतर्गत संचालित कार्यों के बारे में पूछा। उपस्थित अधिकारियों द्वारा आगामी समय में ऑटोमेटिक गेट स्थापित करने तथा अन्य प्रस्तावित कार्यों की जानकारी व रूपरेखा से अवगत कराया गया। सचिव श्री कांताराव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बांधों के रखरखाव के लिए स्थाई पॉलिसी तैयार कर रैंकिंग की कार्ययोजना भी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी सिंचाई परियोजनाएं महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। इसलिए इनसे संबंधित सभी कार्यों को समय सीमा में पूरा किया जाए। सचिव द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ डैम के विभिन्न स्ट्रक्चर का बारीकी से अवलोकन किया गया।

## जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत जनसामान्य में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से शनिवार को चित्रकला और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना सहित शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट विद्यालय एवं मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण सहित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथिया छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. स्मृति गुप्ता, आरएमओ डॉ. सौरभ त्रिपाठी, सहायक प्रबंधक डॉ. दिव्या नागवंशी, मेट्रन गीता श्रीवास्तव, नर्सिंग ऑफिसर एंजलीना गुप्ता, निधि गुप्ता एवं लक्ष्मी लोधी सहित जिला चिकित्सालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## देवेंद्रनगर में 43 करोड़ की सड़क मरम्मत पर उठे गुणवत्ता के गंभीर प्रश्न

देवेंद्रनगर

क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सड़क मरम्मत की माँग के बाद जब कार्य प्रारंभ हुआ, तो अब उसकी गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल सामने आने लगे हैं। लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से बमीठा से सतना तक 97 किलोमीटर सड़क के मरम्मत एवं निर्माण का कार्य प्रगति पर है, लेकिन प्रारंभिक कार्यशैली से नागरिक संतुष्ट नहीं दिखाई दे रहे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़क के गड्ढों से धूल-मिट्टी पूरी तरह हटाए बिना ही गिट्टी डाल दी गई, जिससे गिट्टी सड़क पर टिक नहीं पा रही है। उपयोग में लाई जा रही गिट्टी की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं बताई जा रही। गिट्टी के उछलने से राहगीरों के घायल होने और दो-पहिया वाहन चालकों के फिसलने की घटनाएँ भी सामने आई हैं। डामर (बिटुमिन) की मात्रा और गुणवत्ता को लेकर भी आपत्तियाँ उठ रही हैं। नागरिकों का कहना है कि डामर की परत न तो पर्याप्त मोटाई में डाली जा रही है और न ही गुणवत्ता मानकों का पालन होता दिख रहा है। परिणामस्वरूप, कुछ हिस्सों में सड़क कुछ ही दिनों में कंकर और धूल में तब्दील होती नजर आ रही है। सबसे चिंताजनक पहलू यह बताया जा रहा है कि नगर क्षेत्र के सभी गड्ढे भरे ही नहीं गए। नागरिकों के अनुसार, ठेकेदार द्वारा केवल वे गड्ढे भरे गए जो अत्यधिक बड़े और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे, जबकि सैकड़ों ऐसे गड्ढे छोड़ दिए गए जो मरम्मत योग्य थे। लोगों का आरोप है कि यह कार्य से बचने और लागत कम करने का एक तरीका प्रतीत होता है, जिससे सड़क की समग्र गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। विश्वसनीय सूत्रों तथा कार्य में लगे मजदूरों और ठेकेदार के सुपरवाइजर से बातचीत में यह जानकारी सामने आई है कि फिलहाल पूरे मार्ग पर सिर्फ एक परत डाली जा रही है, और आगे चलकर अंतिम परत बिछाने तथा गुणवत्ता सुधार का दावा किया जा रहा है। हालाँकि नागरिकों में इस बात को लेकर संशय है कि यह प्रक्रिया कब और किस मानक के अनुसार पूरी होगी, क्योंकि 97 किलोमीटर मार्ग पर अभी भी बड़ी संख्या में गड्ढे शेष हैं। गौरतलब है कि इस ठेके में सड़क निर्माण के साथ-साथ 5 वर्षों तक रख-रखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की बताई जा रही है। ऐसे में नागरिकों ने माँग की है कि कार्य की निरंतर तकनीकी निगरानी, सामग्री की स्वतंत्र गुणवत्ता जाँच, और चरणबद्ध निरीक्षण कराया जाए, ताकि करोड़ों रुपये की सार्वजनिक राशि का दुरुपयोग न हो और भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका से बचा जा सके।

## कांग्रेस ने बदले ब्लॉक पदाधिकारी, देवेंद्रनगर में नई उम्मीदों के साथ हुआ सम्मान कार्यक्रम

**संगठन में नई जान फूंकने की कवायद**

**पन्ना। देवेंद्रनगर पूरे मध्यप्रदेश में संगठनात्मक चुनौतियों और राजनीतिक सुस्ती के दौर से गुजर रही कांग्रेस पार्टी अब जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा संचार के प्रयास में जुटी दिखाई दे रही है। इसी क्रम में देवेंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नेतृत्व परिवर्तन के बाद एक कार्यक्रम आयोजित कर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया गया।**

मिलन वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आनंद शुक्ला को उनके लंबे संगठनात्मक कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनके योगदान को स्मरण किया। सम्मान के दौरान आनंद शुक्ला भावुक नजर आए और उन्होंने इसे कार्यकर्ताओं के स्नेह और विश्वास का प्रतीक बताया। अपने संबोधन में आनंद शुक्ला ने कहा कि संगठन में पद महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि कार्यकर्ता की भूमिका सबसे बड़ी होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व को भी वही सहयोग मिलेगा, जिससे पार्टी को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे आगे भी एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मिलन कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में कांग्रेस को फिर से मजबूती देने के लिए संगठन में नई सोच और नई ऊर्जा की आवश्यकता है। उन्होंने आनंद शुक्ला के कार्यकाल को संगठन निर्माण की मजबूत नींव बताया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस परिवार को नई दिशा और गति दी जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस ने यह संकेत दिया कि पार्टी अब ठहराव की स्थिति से बाहर निकलकर संगठनात्मक बदलावों के जरिए नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में है।

## अपर कलेक्टर ने देवेन्द्र नगर एवं ककरहटी खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण



**पन्ना।** अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे ने शनिवार को धान उपार्जन केन्द्र देवेन्द्रनगर एवं ककरहटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान स्कंध की आवक सहित निरंतर रूप से किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्लॉट मुताबिक धान के उपार्जन के लिए ग्रेडिंग के साथ सही तौल के संबंध में भी निर्देशित किया। उपस्थित किसानों से चर्चा कर उपार्जन संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा केन्द्र में अब तक उपार्जित धान के समुचित रखरखाव, परिवहन व भंडारण के निर्देश भी दिए। अपर कलेक्टर ने किसानों की समस्याएं सुनकर निराकरण भी किया। केन्द्र प्रभारी से बारदाना की उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उपार्जन केन्द्र पर मौजूद एवं अन्य अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर कुछ कमियों में अपेक्षित सुधार के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार शिवनाथ सोनी भी उपस्थित रहे।

**पुलिस कर्मियों, उनके परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु मध्यप्रदेश पुलिस की पहल**

## विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन पन्ना ध्यान केन्द्र में तीन दिवसीय "तनाव मुक्ति एवं ध्यान" कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 21 दिसंबर 2025 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रदेश की समस्त पुलिस इकाइयों एवं थानों में ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल, उनके परिवार जन एवं स्थानीय नागरिको के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, तनाव प्रबंधन, कार्यक्षमता में वृद्धि, सकारात्मक सोच का विकास तथा कर्तव्य निर्वहन में एकाग्रता को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस लाइन जिला पन्ना के परेड ग्राउंड में "तनाव मुक्ति एवं ध्यान" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं हार्टफुलनेस संस्था, कान्हा शांति वनम (हैदराबाद) के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों, उनके परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य, आंतरिक संतुलन एवं तनाव मुक्ति को प्रोत्साहित करना है। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में दिनांक 19 एवं 20 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय प्रशिक्षणात्मक ध्यान कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। यह प्रशिक्षण आगामी 21 दिसंबर 2025 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले बृहद स्तर के ध्यान कार्यक्रम हेतु आयोजित किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस ध्यान प्रशिक्षक प्र. आर. विनय सिंह एवं आर. प्रशान्त पाठक द्वारा उपस्थित अभ्यासियों को सूक्ष्म रिलैक्सेशन एवं ध्यान अभ्यास कराया गया। इस दौरान विश्व ध्यान दिवस का महत्व, ध्यान का महत्व, हृदय पर ध्यान की प्रक्रिया, ध्यान करने का सही समय, स्थान एवं विधि, प्रणाहूति का महत्व तथा हार्टफुलनेस पद्धति में शरीर की आध्यात्मिक संरचना विषयों पर संक्षिप्त एवं प्रभावी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर, यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार सहित उपस्थित अधिकारियों एवं अभ्यासियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। पुलिस लाइन पन्ना एवं जिले के विभिन्न थानों से अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण में सहभागी रहे। आगामी 21 दिसंबर 2025 को "एक विश्व, एक हृदय" थीम पर रात्रि 8:00 बजे हार्टफुलनेस संस्था के यूट्यूब चौनल पर विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर बृहद स्तर पर ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम से जुड़ने हेतु क्यूआर कोड एवं लिंक साझा किए गए है तथा सभी सहभागियों को पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं आम नागरिको को भी उक्त कार्यक्रम मे जुड कर मानसिक स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था के पुलिस कोऑर्डिनेटर, सहभागी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं वॉलिंटियर्स की सक्रिय सहभागिता रही। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस बल को मानसिक रूप से सशक्त बनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं प्रभावी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## पन्ना की बेटी प्रियंका गोस्वामी ने बढ़ाया मान, बॉटनी में गोल्ड मेडल जीतकर विश्वविद्यालय में किया टॉप



**पन्ना। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की अजयगढ़ चौराहा गोस्वामी परिवार की होनहार छात्रा प्रियंका गोस्वामी ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे संभाग का गौरव बढ़ाया है। प्रियंका ने एम.एससी. (बॉटनी) की परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के अंतर्गत आने वाले सभी छह जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) से नवाजा जाएगा।**

### छह जिलों की सूची में रहीं अव्वल-

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में सागर, दमोह, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और पन्ना जिले शामिल हैं। प्रियंका ने इन सभी जिलों के परीक्षार्थियों को पीछे छोड़ते हुए सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।

### स्वजनों और गुरुजनों में हर्ष की लहर-

प्रियंका की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके चाचा राधा कृष्ण गोस्वामी (लिपिक, शिक्षा विभाग) और चाची अंजना गोस्वामी (शिक्षिका) ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, पन्ना महाविद्यालय (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी सहित समस्त प्रोफेसर स्टाफ ने प्रियंका को बधाई दी और उनकी मेहनत की सराहना की। अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता के निरंतर प्रोत्साहन, चाचा-चाची के मार्गदर्शन और महाविद्यालय के गुरुजनों की शिक्षा को जाता है। प्रियंका की इस उपलब्धि से पूरे पन्ना जिले और उनके समाज में खुशी का माहौल है।

**पूरे विश्व में बजाया पन्ना की बेटी ने ज्ञान का डंका**

## अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिक्षा ओलंपियाड में कुमारी कात्यायनी सोनी ने हासिल किया प्रथम स्थान



**पन्ना।** पन्ना जिले के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना की कक्षा 7 की छात्रा कुमारी कात्यायनी सोनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिक्षा ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे विश्व में पन्ना जिले, मध्य प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिक्षा ओलंपियाड का आयोजन कक्षा 5 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन संयुक्त माध्यम से एक साथ पूरे विश्व में किया गया था। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यार्थी के रूप में कुमारी कात्यायनी सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में विद्यालय प्रबंधन द्वारा कात्यायनी सोनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रमाणपत्र के साथ 5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। कुमारी कात्यायनी सोनी, पन्ना जिले के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राकेश सोनी एवं उनकी माता दीपशिखा जड़िया, जो कि राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पदस्थ हैं, की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा पन्ना जिला गौरवान्वित है। शिक्षा के क्षेत्र में यह सफलता पन्ना जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है और आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करेगी।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ऑटो को मारी जोरदार टक्कर, तीन घायल, एक की हालत गंभीर



**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरवाह के पास पुल के समीप एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहां तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और तुरंत एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है, जहां चिकित्सकों द्वारा एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार लोग द्वारी गांव से बलगहा गांव की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अमानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। वहीं, इस हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।



## कलेक्टर ने राष्ट्रीय अवार्ड विजेता रीसना पारधी का किया सम्मान

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व की नेचर गाइड रीसना पारधी को टाइगर वाइल्ड लाइफ राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा गत दिवस सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर ने वन्यजीव संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस उपलब्धि पर सराहना की और इसे प्रेरणादायी बताया। पारधी समाज की नेचर गाइड द्वारा पर्यटकों को बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

## जनपद पंचायत सदस्य के एक पद एवं सरपंच के 2 पद पर उप चुनाव के लिए मतदान 29 दिसम्बर को

पन्ना

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन के लिए जारी किए गए कार्यक्रम अनुसार विभिन्न रिक्त पद पर चुनाव के लिए आगामी 29 दिसम्बर को निर्धारित मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। पन्ना जिले की जनपद पंचायत शाहनगर के वार्ड क्रमांक 14 में रिक्त जनपद पंचायत सदस्य के एक पद पर चुनाव के लिए तीन अभ्यर्थी मैदान में हैं। इनमें सिलोचना सिंह राठौर, सोना बाई देवा बंजारा एवं सुहाग रानी राजपूत शामिल हैं। इसी तरह पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बृजपुर में भी सरपंच पद के लिए भी तीन अभ्यर्थी क्रमशः मीरा अहिरवार, मुन्नी एवं रानी देवी अहिरवार शामिल हैं, जबकि पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोहनी में सरपंच पद पर अभ्यर्थी रामेश्वर प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। शाहनगर विकाखण्ड की ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है। इनमें अभ्यर्थी अमर सिंह, भगवान सिंह, झलकन सिंह एवं प्रियंका सिंह शामिल हैं। जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए मतदान ईव्हीएम से होगा।

### मतदान सामग्री का वितरण 28 दिसम्बर को

जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत बृजपुर में सरपंच पद के मतदान के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण आगामी 28 दिसम्बर को तहसील कार्यालय पन्ना से सुबह 9 बजे से किया जाएगा। इसके उपरांत मतदान दल शासकीय वाहन से मतदान केन्द्र के लिए रवाना होंगे। इसी क्रम में मतदान के एक दिवस पूर्व निर्धारित समय पर तहसील कार्यालय शाहनगर से भी ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी सरपंच तथा शाहनगर जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में जपं सदस्य के मतदान के लिए सामग्री का वितरण किया जाएगा। जपं सदस्य के मतदान के लिए कुल 12 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत परासी, रैगुवां, बुधरौड़ एवं रगौली के मतदाता जपं सदस्य के लिए मतदान करेंगे। इसी तरह बृजपुर एवं हरदुआ मैमारी ग्राम पंचायत के सरपंच पद के मतदान के लिए क्रमशः 5 एवं 3 मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने उप निर्वाचन अंतर्गत नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे को ग्राम पंचायत बृजपुर के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है। शाहनगर के जपं सदस्य तथा हरदुआ मैमारी सरपंच के उप निर्वाचन हेतु उपयंत्री श्रीराम अहिरवार, अलौकिक अग्निहोत्री एवं सुरेन्द्र सिंह को सेक्टर अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों की व्यवस्था सहित वाहन, सुरक्षा तथा चिकित्सा व्यवस्था आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## राज्य वित्त आयोग का भेदभावपूर्ण "न्याय" कहीं अनुदान की बरसात कहीं विकास प्यासा पन्ना की ग्राम पंचायतें पूछ रहीं गुनाह क्या था?

**अमानगंज, पन्ना।** राज्य वित्त आयोग की अनुदान राशि जब पन्ना जिले में पहुंची तो विकास नहीं, बल्कि सवालों की फाइलें खुल गईं। किसी ग्राम पंचायत के खाते में रकम की मुस्कान खिली, तो कई पंचायतें खाली पासबुक लेकर विकास का मुंह ताकती रहीं।पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि अनुदान का वितरण ऐसा हुआ मानो किसी अदृश्य तराजू से तौला गया हो—जिसमें वजन बराबर नहीं, बल्कि पसंद-नापसंद देखी गई हो। समान आबादी, समान जरूरतें और समान समस्याएं फिर भी कुछ पंचायतें "विशेष" और कुछ "उपेक्षित" बना दी गईं।हालात यह हैं कि जिन पंचायतों को अनुदान कम मिला, वहां नाली अधूरी है, सड़क गड्ढों से भरी है और विकास फाइलों में कैद होकर रह गया है। सरपंच व्यंग्य में कहते हैं—"शायद हमारे गांव ने किसी नियम की पूजा ठीक से नहीं की, इसलिए अनुदान नाराज़ हो गया।"ग्राम पंचायतों का आरोप है कि राज्य वित्त आयोग की राशि का बंटवारा कागजों में तो न्यायपूर्ण दिखता है, लेकिन जमीन पर आते-आते गणित बदल जाता है। सवाल यह है कि क्या विकास भी अब सिफारिश और समीकरण देखकर होगा?वहीं जिम्मेदारों का जवाब वही पुराना—"सब कुछ नियमों के अनुसार हुआ है।"अब पंचायतें सोच रही हैं कि नियम समझें या सड़क बनाएं, शिकायत लिखें या नाली ढूंढें।अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में पन्ना की ग्राम पंचायतें विकास नहीं, बल्कि "अनुदान भेदभाव दिवस" मनाने को मजबूर हो सकती हैं।

# जिला जेल में देर रात खूनी संघर्ष, हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर

**छतरपुर। जिला जेल छतरपुर पिछले कुछ माह से कैदियों के बीच आपस में लड़ाई के लिए चर्चाओं में आ चुकी है। बीती रात 2 बजकर 15 मिनट के लगभग एक विचाराधीन कैदी लख्खू पिता शिवपाल राजपूत ने सोते समय सजायाफ्ता कैदी हाकिम पिता देबी सिंह के सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे हाकिम सिंह लहूलूहान हो गया और उसे रात में ही जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन कैदी की हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। इन दोनों कैदियों की बीच में जेल के बाहर से ही विवाद चल रहा था।**




सूत्रों ने बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत ने कई बार जेलर को आगाह भी किया था कि हम दोनों को अलग अलग बैरिकों में रखा जाए। एक ही बैरिक में दोनो को रखने से कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है, लेकिन जेल प्रशासन ने विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत की इस बात की अनसुनी कर दी और जिसका गंभीर परिणाम सामने आ गया।

**आरोपी लख्खू ने पहले ही जेलर से कहा था कि मुझे इसके साथ मत रखो, मैं इसके कारण ही जेल काट रहा हूं, यह मेरा विरोधी है ये मुझे या मैं उसे मार दूंगा फिर भी जेल प्रबंधन द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया, नतीजा खूनी संघर्ष**

पहले दोनो को बैरिक नम्बर 09 में रखा गया था फिर एक कैदी को बैरिक नम्बर 10 में कर दिया गया। लेकिन कुछ समय बाद ही दोनो को एक ही बैरिक में शिफ्ट कर दिया गया। जिससे बाहर की रंजिश के चलते दोनो एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। यह दोनो कैदी लवकुशनगर क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे है। जानकारी के अनुसार विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत पिछले कई दिनों से हमला करने के लिए घात लगाए था इसलिए उसने चोरी से अपने विस्तर पर एक पत्थर छिपा कर रखा था और रात को जैसे ही हाकिम सिंह गहरी नींद में सो गया तभी लख्खू राजपूत ने उसके सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। इस पूरे मामले में जेल प्रबंधन कि कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है। आजीवन कारावास की सजा वाले अपराधी को तत्काल सेंट्रल जेल सतना भेजने को प्रावधान है लेकिन जेल प्रबंधन ने आजीवन कारावास वाले कैदियों को सेंट्रल जेल सतना ना भेजकर कई दिनों तक जिला जेल में ही रखा गया। सुनने में आया कि जैसे ही यह घटना घटित हुई, तो आनन फानन में आज ही आजीवन कारावास वाले कैदियों को सेंट्रल जेल सतना भेजने के लिए गार्ड काट दी गई।

## खबर संक्षेप

### शिवसेना 22 को करेगी किसान आंदोलन

छतरपुर। शिवसेना नगर इकाई द्वारा छतरपुर जिले मे चल रही खाद की समस्या को लेकर सटई रोड मंडी में किसानो के साथ मिलकर आंदोलन किया जायेगा। युवा सेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व मे सैकड़ो शिवसेनिक स्थानीय मोटे के महावीर मंदिर से सटई रोड मंडी तक वाहन रैली के रूप में पहुंचेंगे जहाँ आंदोलन किया जायेगा एवं किसानों को पर्याप्त खाद मिले इसके लिए ज्ञापन भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी, संभाग प्रमुख पवन सोनी, कृष्ण विहारी गुप्ता शामिल होंगे।

### करंट की चपेट में आया किशोर, खेत पर पंप चलाते समय दर्दनाक मौत



छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बनगांय में करंट लगने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे अनिल अपने खेत पर पंप चलाने गया था। इसी दौरान पंप चालू करते समय उसके हाथ में तेज करंट लग गया, जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के समय खेत पर कोई मौजूद नहीं था। करीब दोपहर 12:30 बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे तो पंप बंद मिला। पास जाकर देखने पर अनिल जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना नौगांव पुलिस को दे दी गई है। जिला अस्पताल में शव को पीएम हाउस भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में दिखा अनोखा नज़ारा



छतरपुर। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में उस समय अद्भुत दृश्य देखने को मिला जब स्विट्जरलैंड से आए विदेशी पर्यटक मिस्टर मिचेल मोरेल एवं मिसिस रमौना आधुनिक लग्जरी गाडियों को छोड़कर गांव की पारंपरिक बैलगाड़ी में भ्रमण करते नजर आए। विदेशी सैलानी भारत की ग्रामीण परंपरा, रहन-सहन, बुंदेलखंड की बोली, रीति-रिवाज और सरल सामाजिक जीवन से इतने प्रभावित हुए कि वे स्वयं को इस वातावरण में पूरी तरह घुला-मिला हुआ महसूस करते दिखे। खजुराहो जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर विदेशी पर्यटकों का प्राचीन बैलगाड़ी में सवारी करना न सिर्फ स्थानीय संस्कृति के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है, बल्कि ग्रामीण पर्यटन को भी नई पहचान देता है। बैलगाड़ी भ्रमण के दौरान विदेशी पर्यटक बेहद खुश नजर आए और उन्होंने बुंदेलखंड की सादगी व मेहमाननवाज़ी की खुलकर तारीफ की।क्वालिटी इंडिया टूर्स , निदेशक अनिल द्विवेदी, नीतेश द्विवेदी,एवं टूरिस्ट गाइड सत्येंद्र सिंह,तो वही विदेशी पर्यटको ने मीडिया को कवरेज के दौरान धन्यवाद व्यक्त किया।

### कोई भी व्यक्ति परफेक्ट नहीं होताः डॉ.त्रिपाठी

खजुराहो। केन्द्रीय विद्यालय खजुराहो में शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य सौरभ गुप्ता द्वारा डॉ सीमा त्रिपाठी, विद्यालय प्रबन्धन समिति के अभिभावक सदस्य श्रीमती दिव्या त्रिपाठी एवं गजराज सिंह घोष का पुष्पगुच्छ के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद नैदानिक मनोविज्ञानी डॉ. सीमा त्रिपाठी जिला चिकित्सालय छतरपुर द्वारा अभिभावकों के साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से ध्यान देते हुए उन्हें तनावमुक्त वातावरण प्रदान करने का अनुरोध किया गया। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं हैं बल्कि हमें अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी के साथ पूर्ण करना जरूरी है। बच्चों को गलतियां करने दें ताकि वह स्वयं करके सीखें और उनमें निर्णय क्षमता का विकास हो। उन्हें प्रेम से समझाएं और उनमें सुधार करें। कार्यक्रम के सफल समापन पर वरिष्ठ शिक्षक सुक्रांत वर्मा द्वारा अतिथियों, अभिभावकगण, विद्यार्थियों और समस्त शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया एवं प्राचार्य ने परामर्शदात्री डॉ त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# घर में फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत देरी रोड स्थित कृष्ण कॉलोनी में शनिवार को एक 19 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान निशा कोरी पुत्री मुन्ना कोरी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की तथा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# नौगांव नगर पालिका द्वारा 70 वें लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शनिवार को खेले गए 6 मुकाबले



नौगांव। नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में चल रहे 70 वें लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को 6 मुकाबले खेले गए। नगर पालिका के पार्षद वा क्रीड़ा सभापति ज्योति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि। शनिवार को कुल 6 मुकाबले खेले गए। जिसमें पहला मुकाबला वीरपुरा हिटर और स्टार एनटी स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया। जिसमें स्टार एनटी स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया और वीरपुरा हिटर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। वीरपुरा हिटर ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर 32 रन का स्कोर खड़ा किया, जब स्टार एनटी स्पोर्ट्स बल्लेबाजी करने उतरी तो उन्होंने 10 विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। दिन का दूसरा मुकाबला एटी स्पोर्ट्स और डॉक्टर केएन जूनियर के मध्य खेला गया। डॉक्टर केएन जूनियर ने टॉस हार कर बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर 44 रन का स्कोर बनाया। ज़बाब में एटी स्पोर्ट्स निर्धारित ओवर में चार विकेट खोकर 34 रन ही जोड़ सकी, जिसके चलते डॉक्टर केएन जूनियर ने 10 रन से यह मुकाबला जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला महाराजा छत्रसाल और फायर क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें महाराजा छत्रसाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। फायर क्रिकेट क्लब ने निर्धारित ओवर में 2 विकेट खोकर 37 रन बनाए। ज़बाब में महाराजा छत्रसाल क्रिकेट टीम ने बिना विकेट खोए ही निर्धारित लक्ष्य को 1.5 ओवर में प्राप्त कर मुकाबला जीत लिया। दिन का चौथा मैच एनएच 39 पचवारा और गुरुकुल लाइब्रेरी के मध्य हुआ। इस मैच में गुरुकुल लाइब्रेरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर 37 रन बनाते हुए सामने वाली टीम को जीत के लिए 38 रनों का लक्ष्य दिया। ज़बाब में एनएच 39 पचवारा की टीम ने मैच की अंतिम गेंद पर मुकाबला जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। पांचवां मैच दौलत तिवारी फैंस क्लब और गुड्डू इलेवन के मध्य खेला गया।जिसमें दौलत तिवारी टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर 43 रन बनाए और जीत के लिए 44 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुड्डू इलेवन ने आसानी से लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए मुकाबले को जीत लिया दिन के छठवें और आखिरी मैच में न्यू गोल्डन बी का सामना नीरज दीक्षित फैंस क्लब से हुआ। इस आखिरी मैच में न्यू गोल्डन बी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी नीरज दीक्षित फैंस क्लब ने निर्धारित ओवर में 2 विकेट खोकर 53 रन बनाए। जीत के इरादे से उतरी न्यू गोल्डन बी की टीम ने भी जुझारूपन दिखाते हुए दमदार बैटिंग की लेकिन दीक्षित क्लब के गेंदबाजों ने न्यू गोल्डन बी के बल्लेबाजों को 51 रनों पर रोकने पर सफल रहे। जिसके चलते इस रोमांचक मैच में नीरज दीक्षित फैंस क्लब ने 2 रनों से मैच जीत लिया।

# रेत से भरा हाईवा अनियंत्रित होकर नहर की पट्टी तोड़कर पलटा, चालक की मौके पर मौत

**वाहन में सवार दो लोगों ने कांच तोड़कर निकलकर बचाई जान**

छतरपुर। बछौन-राजनगर मार्ग पर बनी नहर की पुलिया के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रेत से भरा 22 चक्का हाईवा अनियंत्रित होकर नहर की पट्टी तोड़ते हुए सड़क से नीचे जा गिरा। हादसे में हाईवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार दो अन्य लोग किसी तरह कांच तोड़कर बाहर निकल आए और उनकी जान बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, हाईवा चालक ओमप्रकाश कुशवाहा (उम्र 25 वर्ष), निवासी चौराहा, अपने दो सहयोगियों के साथ रेत लेकर छतरपुर की ओर जा रहा था। सुबह करीब 6 बजे बछौन गांव के बाहर स्थित नहर की पुलिया के पास अंधा मोड़ होने और घना कोहरा छाए रहने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित हाईवा पुलिया की पट्टी तोड़ते हुए नीचे गिर गया, जिससे चालक ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। हाईवा में सवार संदीप अहिरवार और वीरेंद्र अनुरागी, निवासी ज्योराहा, ने आगे का कांच तोड़कर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। संदीप अहिरवार ने बताया कि कोहरे और अंधे मोड़ के कारण हादसा हुआ, जिसमें वे दोनों बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मौके पर मौजूद राहगीरों ने डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही चंदला पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से हाईवा को बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर चंदला स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम किया घोषित

**छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर इनाम की उद्घोषणा की जा रही है। फरार इनामी वांछित अपराधियों, स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया जा रहा है।**

थाना ओरछा रोड के चोरी के प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार का इनाम थाना सिविल लाइन अंतर्गत 29 चोरी के प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चार-चार हजार रुपए, थाना कोतवाली अंतर्गत 4 चोरी के प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चार-चार हजार रुपए, थाना राजनगर अंतर्गत हत्या के प्रकरण के आरोपी सुनील पटेल ग्राम खजवा की गिरफ्तारी हेतु 8 हजार रूपए, थाना कोतवाली अंतर्गत छेड़छाड़ के आरोपी लखन आदिवासी निवासी ठर्रिपुरवा की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार, थाना नौगांव अंतर्गत एनडीपीएस प्रकरण के आरोपी रविंद्र यादव निवासी ग्राम पचेर थाना खरगापुर जिला टीकमगढ़ की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार, थाना बड़ा मलहरा



अंतर्गत शासकीय कार्य में बाधा प्रकरण के आरोपी आशुतोष पाठक निवासी बड़ा मलहरा की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार, थाना गौरिहार के दो एवं थाना गुलगंज के एक अपहरण के प्रकरण में पांच-पांच हज़ार रुपये के इनाम की उद्घोषणा की गई है।

### इन इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार

अभी हाल में थाना कोतवाली अंतर्गत हत्या के प्रयास प्रकरण के दस हजार के इनामी आरोपी मनीष चखना, चंदू, हल्के, भज्जू, पप्पू उर्फ हरदास एवं उसकी पत्नी की गिरफ्तारी की गई है। पुलाव उर्फ चिंकुल उर्फ जयप्रकाश कुशवाहा एवं चतुर उर्फ बुद्धू कुशवाहा निवासी पठापुर रोड की तलाश की जा रही है। थाना गौरिहार अंतर्गत हत्या के प्रकरण में फरार 20 हजार के इनामी आरोपी रजनीश पटेल निवासी गौरिहार एवं सुनील चौरसिया निवासी महाराजपुर, थाना लवकुश नगर अंतर्गत धोखाधड़ी के प्रकरण के फरार पांच हजार के इनामी आरोपी राजा भैया केवट एवं अन्य निवासी पंचम नगर थाना चंदला, थाना सरवई अंतर्गत दुष्कर्म के प्रकरण के 10 हजार के इनामी आरोपी रवि भुर्जी निवासी नांद एवं धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार 6 हजार के इनामी आरोपी सीताराम पटेल निवासी ग्राम जुडगुडु थाना बंसिया को गिरफ्तार किया गया है।



# महोबा रोड एनएच ब्रिज बना हादसों का अड्डा, 7 दिनों में 17 दुर्घटनाएं

**छतरपुर। जिले में सड़क हादसों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर जहां दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा जगह-जगह सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, यातायात नियमों को लेकर सेमिनार और समझाइश कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हादसों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।**

यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही के कारण हो रही हैं। कई मामलों में चालक अपोजिट साइड से वाहन चला रहे हैं, तो कहीं ओवर स्पीड के चलते नियंत्रण खो बैठते हैं। इसके अलावा सड़कों पर खुलेआम घूम रहे मवेशी भी हादसों का बड़ा कारण बन रहे हैं। एनएच सागर-कानपुर मार्ग पर स्थित महोबा रोड ब्रिज इन दिनों हादसों का प्रमुख केंद्र बन गया है। बीते एक सप्ताह में यहां 17 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन सभी घटनाओं में मुख्य कारण ओवर स्पीड, गलत साइड से वाहन चलाना और ब्रिज पर यू-टर्न लेना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महोबा रोड एनएच ब्रिज पर पर्याप्त संकेतक, स्पीड ब्रेकर और सख्त निगरानी की आवश्यकता है। साथ ही गलत दिशा में वाहन चलाने और ओवर स्पीड करने वालों पर कड़ी कार्रवाई किए बिना हादसों पर लगाम लगाना मुश्किल होगा।

# ढोड़न बांध के निर्माण कार्य में गति बनाएं रखेंः जल शक्ति मंत्रालय सचिव कांताराव



### जल शक्ति मंत्रालय के सचिव ने अधिकारियों के साथ ढोडन बांध निर्माण स्थल का निरीक्षण किया

छतरपुर। केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत छतरपुर जिले में केन नदी पर निर्माणाधीन ढोडन बांध का जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वी.एल. कांताराव ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया।सचिव श्री कांताराव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बांध के निर्माण कार्य की गति निरंतर बनी रहे। साथ ही कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग और निगरानी करें। किसी भी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हो। साथ ही अधिग्रहण जमीन को पूरी तरह से कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। ताकि कार्य में रूकावट नहीं आए। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित फोरेस्ट, पीटीआर, एनडब्ल्यूडीए, केबीएलपीए, डब्ल्यूआरडी के राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तापमान में हो रही गिरावट, कोहरे की आगोश में समाया शहर

### यातायात हो रहा बाधित, दुर्घटनाओं की आशंका

छतरपुर। धीरे-धीरे तापमान में गिरावट आने लगी है, दिसम्बर का अंतिम सप्ताह चल रहा है। ऐसी स्थिति में तापमान में गिरावट होना स्वाभाविक है। महत्वपूर्ण यह है कि समूचा शहर रात 9 बजे से ही कोहरे की आगोश में समाने लगता है। सुबह 10 बजे तक मौसम में कोहरा छाए रहने से यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। सावधानी हटते ही दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।पिछले दो-तीन दिनों से तापमान में लगातार परिवर्तन देखने को मिला है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो-तीन दिनों में धुंध बनी रहेगी। सुबह 10 बजे के बाद ही धूप देखने को मिलती है। कोहरे के कारण यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खजुराहो स्थित मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि छत्तीसगढ़ की ओर से हवाओं के कारण कोहरे का असर बुन्देलखण्ड में दिखाई दे रहा है। दिन में धूप निकलने के बाद लोगों को





तापमान के कारण राहत महसूस होती है। रात का तापमान जहां 4.7 डिग्री दर्ज किया गया तो वहीं दिन का तापमान 23 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले दो-तीन दिनों से रात के तापमान में गिरावट जारी है।तापमान गिरने से ऊनी वस्त्रों की बढ़ी बिक्री

जैसे-जैसे तापमान में गिरावट आ रही है वैसे ही ठण्ड से बचने के लिए लोग ऊनी वस्त्र खरीदने में जुट गए हैं। एक सप्ताह पहले तक दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं था। तीखी धूप होने के कारण दोपहर में लोगों को काफी राहत महसूस होती थी लेकिन अब शाम से ही शीतलहर के कारण सिहरन बढ़ने लगती है इसलिए लोग या तो गर्म कपड़ों के सहारे ठण्डी से बचाव करते हैं या फिर आग का सहारा लेना पड़ता है। दोपहर में दृश्यता करीब दो हजार मीटर दर्ज हुई जबकि यह दृश्यता रात 9 बजे से सुबह 10 बजे तक 20 से 50 मीटर रही।

### तेज धूप निकलने के कारण दृश्यता में बढ़ोत्तरी हुई, चिकित्सक बोलेः हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्ट बाइट का बढ़ा खतरा

छतरपुर। दिसंबर और जनवरी के महीनों में बढने वाली अत्यधिक ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आम जनमानस के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। न्यूनतम तापमान में होने वाली भारी गिरावट से जनमानस के स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभावों, जैसे हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियों से बचने के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।एडवाइजरी में विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बेघर व्यक्तियों की सुरक्षा पर जोर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ठंड के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और विषम परिस्थितियों में तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें। एडवाइजरी में बताया गया है कि शीतलहर के दौरान पर्याप्त मात्रा में गरम कपड़े पहनें और शरीर को कई परतों में ढंककर रखें। सिर, गर्दन, हाथ और पैरों की सुरक्षा के लिए टोपी, मफलर एवं मोज़ों का उपयोग अनिवार्य है। संतुलित आहार के साथ विटामिन-सी युक्त फल व सब्जियों और गरम तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। यथासंभव घर के अंदर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें। विभाग ने चेतावनी दी है कि गीले कपड़े पहनकर न रहें और हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को कभी भी मादक पेय पदार्थ न दें।

बीमारी के लक्षण और आपातकालीन उपाय

अत्यधिक ठंड लगने पर शरीर में तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई और नींद आना हाइपोथर्मिया के लक्षण हो सकते हैं। वहीं, उंगलियों, कानों या नाक का सुन्न होना, सफेद या पीला पडना फ्रॉस्टबाइट की ओर इशारा करता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को तुरंत गरम स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढंकें और शीघ्र अस्पताल पहुँचाएं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शीतलहर के दौरान बरती गई थोड़ी सी सावधानी किसी की जान बचाने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### जलहरी धाम डिहुंटा नाला में किया गया बोरी बंधान

**स्लीमनाबाद।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केसवाल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह के नेतृत्व में विकासखंड बहोरीबंद के बहोरीबंद सेक्टर 2 के जलहरी धाम डिहुंटा नाला पर जल संरक्षण के अंतर्गत श्रम दान द्वारा 25 बोरी का बंधान किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था पथराडी पिपरिया संस्कार युवा समिति बहोरीबंद एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डिहुँटा के तत्वावधान में आयोजित किया।ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह ने इस बोरी बंधान कार्य की सहराना करते हुये इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा बोरी बंधान से आसपास के भूजल स्त्रोत में बढ़ोतरी तथा रबी की फसलों में पानी देने के लिए जल की व्यवस्था होगी और जंगल में रहने वाले पशु-पक्षी तथा जानवरों के लिए यह जल संरक्षण वरदान साबित होगा।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण के नारे के माध्यम से जागरूक किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, कानों में था हेडफोन

**हरिभूमि न्यूज़: कटनी।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ौहा के पास रेलवे ट्रैक पर एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अंकित विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ौहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अंकित विश्वकर्मा कटनी में काम करता था और घटना से एक दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। बताया जा रहा है कि वह रात में घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक के कानों में हेडफोन लगे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि वह संगीत सुन रहा था या फोन पर बात कर रहा था, जिसके चलते उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की गई है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गणतंत्र दिवस पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**कटनी।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का जिलास्तरीय आयोजन किया जाएगा। लोक उत्सव भारत पर्व में मप्र के पारम्परिक रूप से लोक रूचि के गायन लोक, भक्ति, सुराज, आज़ादी के तराने, कवि सम्मेलन, वादन और नर्तन (जनजातीय एवं लोक) इत्यादि कार्यक्रम भी किये जा जायेंगे। भारत पर्व के लिए कलाकारों, दल का चयन, समग्र मानदेय का निर्धारण कर जिला मुख्यालयों पर भेजने एवं उनके मानदेय आदि के भुगतान आदि की व्यवस्था स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा की जायेगी।

## खेलों से तन मन स्वस्थ्य रहने के साथ मिलती है अनुशासन की सीख

# डिप्टी सीएम ने सांसद कप खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ





**रीवा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 29 अगस्त से सांसद कप खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा विधानसभा क्षेत्र की सांसद कप खेल प्रतियोगिता का मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों से तन मन स्वस्थ्य रहने के साथ हमें जीवन में अनुशासन की सीख मिलती है। खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। सांसद जनार्दन मिश्र ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सांसद कप प्रतियोगिता आयोजित कराके खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। सांसद कप खेल प्रतियोगिता में फुटबाल, कबड्डी, बालीवाल, क्रिकेट, कराटे, खो खो जैसे खेलों के साथ-साथ परंपरागत ग्रामीण खेलों जैसे गेंद गिप्पी की भी प्रतियोगिताएं हो रही हैं। सांसद कप खेल प्रतियोगिताओं का भव्य समापन 25 दिसंबर को स्पोटर्स काम्पलेक्स रीवा में किया जायेगा। स्पोटर्स काम्पलेक्स में राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए फुटबाल मैदान, एथलेटिक्स तथा इंडोर खेलों की सुविधा है। यह विन्ध्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। समारोह में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, हेमलता सिंह, संभागीय खेल अधिकारी एम के धौलपुरी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## अपर कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र पुरवा का किया निरीक्षण

रीवा ।

जिले भर में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने सिरमौर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान धान खरीदी केन्द्र पुरवा का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केन्द्र में किसानों से ली गई धान की तत्काल तौल और सिलाई करायें। धान की बोरियों को व्यवस्थित रूप से गोदाम में रखवायें। गोदाम में भण्डारण कराके तत्काल स्वीकृति पात्रक जारी करायें जिससे किसानों को भुगतान कराया जा सके। खरीदी केन्द्र प्रभारी किसानों को छाया, पानी के साथ साथ अलाव की भी व्यवस्था करें। अपर कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में तौल कांटे की व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में खरीदी केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये। जिले भर में विभिन्न अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने खरीदी केन्द्र खौर का निरीक्षण तथा उपार्जित धान के तत्काल परिवहन के निर्देश दिये। तहसीलदार राजेश शुक्ला, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता तथा अन्य अधिकारियों ने खरीदी केन्द्र रिमारी का निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जवा क्षेत्र में खरीदी केन्द्र अतरैला का निरीक्षण किया।

## गंगेव धान खरीदी केंद्र में अनियमितता, किसानों की आंखों में धूल झोंककर की जा रही तौल



**रीवा ।** जिले के धान खरीदी केंद्र गंगेव में खुलेआम अनियमितता की जा रही है बात दे शासन की तमाम गाइडलाइन को ताक में रखकर समिति प्रबंधक द्वारा मनमानी करते हुए धान की तौल में भारी अनियमितता की जा रही है प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार जूट के बोरे में धान की तौल 40 किलो 600 ग्राम होनी चाहिए वही समिति प्रबंधक की मनमानी की वजह से धान की तौल 41 किलो 400 और 41 किलो 500 तक की जा रही है यह सीधा-सीधा किसानों की जेब में डाका डालने के समान है यदि किसानों के द्वारा तौल को लेकर विरोध किया जाता है तो समिति प्रबंधक द्वारा समय से धान न तोड़ने का हवाला दिया जाता है किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधक का कहना है यदि धान बेचनी है तो आपको हमारे अनुसार ही बेचना पड़ेगा अन्यथा आपको जहां लेकर जाना है तो जाइए। गंगेव धान खरीदी केंद्र में हद तो तब हो गई जब खरीदी के दौरान पहुंच कर चेक करने पर कुछ कांटे माइनस में भी मिले फिर भी उनमें तौल 41 किलो 400 ही दिख रही है मतलब यह है कि सामने से तो 41 किलो 400 तौल हो ही रही है और उसके अलावा भी 100 ग्राम पर बोरे अलग से लिए जा रहे हैं।

## नाती ने दादा की पीट पीट कर दी हत्या, ससुर और बहू पी रहे थे शराब, इसी दौरान हुआ था विवाद

**बिछिया थाना क्षेत्र के बदराव में हुई घटना, आरोपी मौके से फरार दिनदहाड़े वारदात से इलाके में सनसनी**



**रीवा।** जिले के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बदराव गांव में शनिवार दोपहर एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां नाती ने अपने ही दादा की डंडे से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। मृतक की पहचान श्रीनिवास साकेत रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्रीनिवास साकेत बैंक से रुपये निकालकर घर लौटे और बाद में अपनी बहू के साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहा था। इसी दौरान उनका नाती करण साकेत घर पहुंचा और अपनी मां से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ता देख दादा श्रीनिवास साकेत ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी करण साकेत ने पास में रखे डंडे से अपने दादा पर हमला कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी ने बुजुर्ग दादा पर लगातार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें संभाल पाते, इससे पहले ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल पर मृतक की बहू नशे की हालत में मिली, जबकि आरोपी पुत्र फरार था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा में किसान एवं सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्राकृतिक खेती माडल के लोकार्पण तथा किसान एवं सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, नवनिर्मित भोजन शाला, गौशाला, मंदिर तथा प्राकृतिक खेती के लिए बनाये गये विभिन्न प्रकल्पों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गौअभ्यारण्य के प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित बैठक में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी 25 दिसंबर को बसामन मामा गौअभ्यारण्य का दौरा करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री किसान एवं सहकारिता सम्मेलन में निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करने के साथ विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री बसामन मामा गौअभ्यारण्य का भ्रमण कर गौवंश की सेवा के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी लेंगे। साथ ही उद्यानिकी तथा खेती के लिए गौअभ्यारण्य में विकसित किये जा रहे प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए माडल का लोकार्पण करेंगे। इस माडल में जैविक विधि से उगाये गये पौधे, जैवविविधता से जुड़े 60 तरह के बीज तथा 12 तरह के जैविक खाद कीटनाशकों का प्रदर्शन किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री का सेमरिया क्षेत्र में आगमन हमारे लिए गौरव का क्षण है। उप मुख्यमंत्री ने सम्मेलन की मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन की पार्किंग, साफ-सफाई तथा पेयजल व्यवस्था तथा बिजली की आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने सम्मेलन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। गौअभ्यारण्य प्रबंधन समिति के सचिव सेवानिवृत्त उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा ने गौअभ्यारण्य में किये जा रहे कार्यों का विवरण दिया। बैठक में जिला पंचायत नीता कोल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, राजेश पाण्डेय अन्य जनप्रतिनिधिगण संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्मंत्री ने बसामन मामा तीर्थ जाकर दर्शन तथा पूजा अर्चना की।




## स्वच्छ भारत मिशन के तहत छात्रों ने किया सीएण्डडी प्लांट का भ्रमण

**रीवा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा शासन द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महर्षि स्कूल के छात्र-छात्राओं को कोस्टा स्थित सीएण्डडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सीएण्डडी प्लांट के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर निगम के अधिकारियों और प्लांट कर्मचारियों ने बताया कि निर्माण एवं तोड़फोड़ से निकलने वाले अपशिष्ट का संग्रह किस प्रकार किया जाता है, इसके बाद उसका सेपरेशन (छंटाई) और प्रसंस्करण कैसे होता है। साथ ही यह भी समझाया गया कि सीएण्डडी अपशिष्ट को दोबारा उपयोग में लाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ उपयोगी सामग्री तैयार की जाती है।छात्र-छात्राओं को बताया गया कि सीएण्डडी अपशिष्ट से पेवर ब्लॉक, टाइल्स सहित अन्य निर्माण सामग्री बनाई जाती है, जिससे न केवल कचरे में कमी आती है बल्कि संसाधनों का पुनः उपयोग भी सुनिश्चित होता है। इस जानकारी से विद्यार्थियों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी।इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ सीएण्डडी प्लांट के कर्मचारी, नगर निगम की स्वच्छता टीम एवं आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## निजी भूमि पर जबरन कराया जा रहा निर्माण, पीड़ित थाना और नगर निगम के काट रहा चक्कर

रीवा ।

जिले में अपनी ही जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने पीड़ित नगर निगम और थाने का चक्कर काटने को मजबूर है।पीड़ित का आरोप है कि कोर्ट से जमीनी विवाद का केस जितने के बाद भी उसकी जमीन पर कब्जेधारी जबरन निर्माण करा रहे है। हालांकि उसने मामले की शिकायत नगर निगम वा संबंधित थाने मे दर्ज कराई लेकिन नगर निगम के पत्र लिखने के बावजूद पुलिस निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगा पा रही। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र गुप्ता लाज के पीछे का है। फरियादी मुकद्दर बेग के मुताबिक उसके नाम दर्ज जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा ना सिर्फ कब्जा कर रखा गया है बल्कि सिविल कोर्ट से जमीन का केस जितने के बाद भी कब्जेधारी जबरन निर्माण कार्य कर रहे है।पीड़ित अब अपनी ही जमीन पर हो रहे कब्जे को रोकने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है।

**सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत झिरिया शराब दुकान के बगल में अवैध रूप से किए गए कब्जे**

## चित्रकूट विधायक ने रीवा भाजपा कार्यालय में चलवा दिया बुलडोजर, जिला अध्यक्ष ने दर्ज कराई आपत्ती,मौके पर कार्यकर्ताओं की जमी रही भारी भीड़



**रीवा ।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत झिरिया शराब दुकान के बगल में अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई की जा रही थी, न्यायालय के आदेश के तहत अनधिकृत रूप से किए गए कब्जे को हटाया गया और वैध पक्षकार को कब्जा दिलाया जा रहा था, सामने की भूमि कब्जा हटाया गया जिसके बाद पीछे की भूमि जिसमें पुराने भाजपा कार्यालय था वही उक्त भूमि भाजपा संगठन की है का कब्जा हटाया जा रहा था इसी दौरान मौके पर पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने काम रोक दिया और आपत्ति दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज करने की बात कही उन्होंने कहा कि अवैध भूमि का विवाद न्यायालय में सामने की भूमि का विचाराधीन था न्यायालय का फैसला सामने की भूमि का आया है और पछकार द्वारा सामने के भूमि के मलिक को ही नोटिस दिया था, उनके संगठन या उनको किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई बिना किसी सूचना के चित्रकूट भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने भाजपा कार्यालय पर बुलडोजर चलवा दी। बता दे शहर में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के झिरिया में शराब दुकान के बगल में अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। न्यायालय के आदेश के तहत अनधिकृत रूप से किए गए कब्जे को हटाया गया और वैध पक्षकार को कब्जा दिलाया गया। बताया गया कि झिरिया स्थित उक्त विल्डिंग के एक हिस्से पर अवैध कब्जे को लेकर सुरेंद्र सिंह गहरवार द्वारा वर्ष 2016 में न्यायालय में वाद दायर किया गया था, जिसकी सुनवाई के बाद न्यायालय ने सुरेंद्र सिंह के पक्ष में निर्णय देते हुए कब्जा दिलाने का आदेश पारित किया था। इसी आदेश के पालन में कार्रवाई की जा रही थी।

# मऊगंज थाने में अपराध नियंत्रण पर प्रभावी कार्यवाही

**तीन माह में 100 से अधिक मामलों की निकासी, पेंडेंसी 300 से घटकर 200**




**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी सचि पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मऊगंज संदीप भारती द्वारा लगातार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गुमशुदा मामलों की दस्तयाबी एवं पेंडिंग प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है।थाना प्रभारी संदीप भारती ने अपने मात्र तीन माह के कार्यकाल में न केवल थाने की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ किया, बल्कि साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए मऊगंज थाना को आईएसओ प्रमाण पत्र भी दिलाया। यह उपलब्धि जिले में एक मिसाल मानी जा रही है।गुमशुदा नाबालिगों की दस्तयाबी के मामलों में भी मऊगंज पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। इसके साथ ही लंबे समय से लंबित 96 मर्ग प्रकरणों में से 60 मर्ग केस डायरी पर चालानी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। संदीप भारती ने तीन माह पूर्व थाना प्रभारी का कार्यभार संभाला था, उस समय मऊगंज थाने की पेंडेंसी लगभग 300 प्रकरणों की थी, जिसे घटाकर 200 तक लाया गया है। बीते तीन माह में 100 से अधिक मामलों की सफलतापूर्वक निकासी कर न्यायालय में चालान पेश किए गए हैं।थाना प्रभारी के नेतृत्व में पन्नी तालाब में विकास साकेत निवासी हन्नाचौर के शव मिलने के मामले का भी सफल खुलासा किया गया। वहीं, दो वर्ष पूर्व घटित एक जटिल मामले में, जिसमें एक आदिवासी युवक की मारपीट से मौत हो गई थी, पुनः सघन विवेचना कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।कुल मिलाकर मऊगंज थाने में थाना प्रभारी संदीप भारती द्वारा पुराने एवं लंबित मामलों की लगातार निकासी, अपराधों पर नियंत्रण और न्यायालयीन कार्यवाही में तेजी लाकर पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

# हनुमना पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप के साथ तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** जिले के हनुमना थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व मे पुलिस स्टाफ ने अवैध नशीली कफ सिरप की तस्करी करते हुए तीन आरोपीयो को गिरफ्तार किया है घटना के संबंध मे बताया गया कि दिनांक 19.12.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टोयोटो कम्पनी की कार जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर MP 53 ZF 2001 है गाडी मे ड्राईवर सहित तीन व्यक्ति बैठे है उक्त कार के डिग्गी मे काफी मात्रा मे अवैध नशीली कफ सीरप रखकर बिक्री करने हेतु बड़कुड़ा बार्डर तरफ से हाईवे होते हुए मउगंज सीधी जाने वाले है ,उक्त कार जल्द ही मोटवा पहड़ी पर पहुचने वाली है । यदि तत्काल कार्यवाही की जाती है तो सफलता मिल सकती है वरना वह लोग कफ सीरप को खुर्द बुर्द कर देगे अथवा बेच देगे । मुखबिर की सूचना पर रवाना होकर मोटवा पहड़ी पर हमराह पुलिस स्टाफ एवं गवाहानो को घेराबंदी कर उक्त कार को पकड़ा गया जिसमे तीन व्यक्ति ड्राइवर सहित मिले । उक्त वाहन की तलासी लेने पर उक्त कार मे एक झोले मे 405000/- रुपये नगदी एवं कार की डिग्गी मे 35 शीशी अवैध मादक पदार्थ नशीली कफ सिरफ बरामद होने पर विधिवत कार्यवाही किया जाकर आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार किये गए आरोपी मेरविनन्दन तिवारी उर्फ रवि पिता राजकुमार तिवारी उम्र 24 वर्ष, दीपक तिवारी उर्फ दीपू पिता राकेश तिवारी उम्र 32 वर्ष,शिवम गौतम उर्फ मालिक पिता रमेश गौतम उम्र 20 वर्ष सभी निवासी सतोहरी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.)आरोपियों के पास से 35 शीशी नशीली कफ सिरप जिसकी कीमत 6930/- रुपये एंव नगदी 405000/- रुपये और एक गैलन्जा कार कीमती 10 लाख रुपये जब्त की गई है आरोपियों को गिरफ्तार करने मे मुख्य भूमिका थाना प्रभारी हनुमना निरी. अनिल काकड़े , उनि गुलाब वर्मा , प्र.आर. विकास पाण्डेय , आर. मनीष पाण्डेय , आर. शोभित सिह , आर. विवेकानन्द यादव , आर. प्रदीप यादव थाना हनुमना तथा उपनिरी. मृगेन्द्र सिह साइबर सेल रीवा तथा प्र..आर. विमल कुशवाहा , आर. भावेश साइबर सेल मउगंज की सराहनीय भुमिका रही ।